उत्तर प्रदेश शासन,
ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,
संख्या-79/2018/1765/92-2-2018-93(जॉच)/2017,
लखनऊ :: दिनांक:: 11 जुलाई, 2018

कार्यालय-ज्ञाप

ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पैकेज संख्या-67116 के सम्पर्क मार्ग आर0एस0 रोड से असनहरा के निर्माण कार्यों हेतु कार्टेज की मिट्टी का प्राविधान नहीं होने के कारण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रनिंग बिल का बिना माप पुस्तिका से परीक्षण किये भुगतान की संस्तुति करने, अव्यवहारिक एवं त्रुटिपूर्ण गण्ना का चेक किये बिना भुगतान करने, जी0एस0बी0 के कार्य में प्रयुक्त की गयी गिट्टी एवं निर्मित पुलिया का कार्य मानक के अनुसार न होने, तथा पैकेज संख्या-यू0पी0 67104 सम्पर्क मार्ग रामगढ़ से कुराकला का निर्माण कार्य डी0पी0आर0 के प्राविधान से हटकर कराये जाने तथा परिवर्तित एलाइमेंट के मार्ग के निर्माण हेतु सक्षम अधिकारी से स्वीकृति नहीं प्राप्त करने, दर स्वीकृत करने, पर्यवेक्षणीय दायित्व का निर्वाहन न करने हेतु प्रथम द्रष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-898/2018/92-2-2018-93(जॉच)/2017, दिनांक 26.04.2018 श्री के0सी0 श्रीवास्तव, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0 सोनभद्र सम्प्रति निलम्बित (सम्बद्ध मुख्यालय) को आरोप पत्र देते हुए उनके विरूद्ध उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासनिक एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए प्रकरण की जांच हेतु मुख्य अभियन्ता(पश्चिमी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी तथा प्रकरण में विभागीय पक्ष/अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र को पदेन प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नामित किया गया।

2- जांच अधिकारी मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-160/एस0टी0/ग्रा0अ0वि0/अनु0जांच-सोनभद्र/2017-18, दिनांक 22.05.2018 द्वारा जांच अधिकारी परिवर्तित किये जाने हेतु किये गये अनुरोध के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त जांच अधिकारी परिवर्तित करते हुए मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के स्थान पर मुख्य अभियन्ता (पूर्वी), ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को पदेन जांच अधिकारी नामित किये जाने की एतदद्वारा श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

मो0 इफ्तेखारूद्दीन
अपर मुख्य सचिव।

2/-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-79/2018/1765(1)/92-2-2018 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।

2- जॉच अधिकारी/मुख्य अभियन्ता (पूर्वी), ग्रा0अभि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रश्नगत अनुशासनिक जांच से संबंधित अभिलेख पूर्व जांच अधिकारी/मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी), ग्रा0अभि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त कर नियमानुसार जांच कार्यवाही पूर्ण करते हुए जांच आख्या शासन में 01 माह मे उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- पूर्व जॉच अधिकारी/मुख्य अभियन्ता (पश्चिमी), ग्रा0अभि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि जांच अधिकारी/मुख्य अभियन्ता (पूर्वी), ग्रा0अभि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ को प्रश्नगत अनुशासनिक जांच से संबंधित सभी अभिलेख उपलब्ध कराते हुये शासन को भी अवगत कराने का कष्ट करें ।

4- प्रस्तुतकर्ता अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, पी0आई0यू0-सोनभद्र द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

5- श्री के0सी0 श्रीवास्तव, तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता, ग्रा0अभि0वि0, पी0आई0यू0 सोनभद्र सम्प्रति निलम्बित (सम्बद्ध मुख्यालय) द्वारा निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रा0अभि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।

6- ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अवध नारायण)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in